Nai Dunia (Indore), 23rd January 2022, Page-02

# अन्य कालेजों के विद्यार्थी भी ले सकेंगे आइआइटी इंदौर से शिक्षा

इंदौर (नईदुनिया प्रतिनिधि)। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आइआइटी) इंदौर कुछ नए शार्ट टर्म कोर्स के साथ ही अन्य कालेजों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को भी इंटर्नशिप कराएगा। स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थी एक महीने से लेकर एक वर्ष तक की इंटर्नशिप कर सकेंगे।

यह पहला अवसर है जब दूसरे कालेजों और विश्वविद्यालय के विद्यार्थी भी आइआइटी जैसे संस्थान से शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे। इंटर्नशिप कोरोना महामारी को देखते हुए आनलाइन कराई जाएगी। इसके लिए पीजी विद्यार्थियों को तीन हजार और यूजी विद्यार्थियों को दो हजार रुपये फीस भरनी होगी। यह कार्यक्रम वर्षभर संचालित होगा। इसके लिए कभी भी आवेदन कर सकते हैं। मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सालिड मैकेनिक्स लैब प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत सात फरवरी से होने जा रही है। इसका आवेदन और फीस संस्थान के पोर्टल से कर सकते हैं। दक्षता और उद्यमिता विकास का पाठ्यक्रम 10 फरवरी से होगा।

## तैयारी

- स्नातक और स्नातकोत्तर विद्यार्थी पढ़ सकते हैं पसंदीदा विषय
- एक महीने से लेकर एक वर्ष तक की आनलाइन इंटर्नशिप कर सकेंगे

## ये पाठ्यक्रम रहेंगे

विद्यार्थियों को संस्थान मौसम संबंधित जानकारी देगा। सुदूर संवेदन (रिमोट सेंसिंग), उपग्रह आधारित पथ प्रदर्शन (सैटेलाइट नेविगेशन), उपग्रह संचार, इंटरनेट आफ थिंग्स (आइओटी) और एंड्राइड, खगोल विज्ञान, अंतरिक्ष विज्ञान, रेडियो खगोल, मशीन लर्निंग, अपशिष्ट प्रबंधन, कंप्यूटर प्रोसेसर, नेटवर्क सुरक्षा, डीप लर्निंग और अन्य विषयों पर प्रतिभागियों को शिक्षा दी जाएगी। पहले से विभिन्न क्षेत्रों में काम कर रहे प्रतिभागियों और विद्यार्थियों को प्रशिक्षण देने के लिए संस्थान ने अपने पोर्टल पर इंटर्नशिप और ट्रेनिंग के लिए अलग से विकल्प जारी किया है।